समाचार

मानिकपुर पोखरी बनेगी शहर की मुख्य पर्यटन स्थल

(नगर निगम व एस.ई.सी.एल. के बीच सम्पन्न हुआ एम.ओ.यू.)

कोरबा 10 मार्च 2023 –कोरबा शहर से लगी हुई एस.ई.सी.एल. की मानिकपुर पोखरी अब शहर की मुख्य पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगी तथा पोखरी कोरबा शहर की प्रमुख आकर्षण केन्द्र बनेगी। आज नगर निगम कोरबा तथा एस.ई.सी.एल.कोरबा के मध्य सम्पन्न हुए एम.ओ.यू. में आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय की ओर से अधीक्षण अभियंता श्री एम.के.वर्मा एवं एस.ई.सी.एल. के मुख्य महाप्रबंधक श्री विश्वनाथ सिंह ने हस्ताक्षर किए।

कलेक्टर श्री संजीव कुमार झा के मार्गदर्शन एवं आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय के दिशा निर्देशन में मानिकपुर पोखरी को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की बहुप्रतीक्षित योजना को अब साकार रूप मिलने जा रहा है तथा इसका मार्ग प्रशस्त हो चुका है। एस.ई.सी.एल.कोरबा की पूर्व ओपन माईंस कोयला खदान मानिकपुर पोखरी साल के सभी 12 महीनों में पानी से भरपूर भरी रहती है, उक्त पोखरी को एक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की योजना को अब साकार रूप मिल जाएगा, एस.ई.सी.एल.कोरबा द्वारा 11 करोड़ 21 लाख रूपये की लागत से पोखरी को पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित किया जाएगा।

आज नगर निगम कोरबा एवं एस.ई.सी.एल.कोरबा के द्वारा एम.ओ.यू. सम्पन्न किया गया तथा अधिकारियों द्वारा एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर किए गए।

ये सुविधाएं कराई जाएंगी उपलब्ध — मानिकपुर पोखरी को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए 11 करोड़ 21 लाख रूपये की लागत से विभिन्न कार्य किए गए जाएंगे। यहॉ पर बोटिंग की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएंगी, वहीं पोखरी परिसर में गार्डन का निर्माण, सेल्फी जोन, चिन्ड्रन प्ले एरिया, फ्लोटिंग रेस्टोरेंट, डेकोरेटिव लाईन, क्लेबिंग वाल, रिपेलिंग वाल, जिपलिंग रोलर कोस्टर, म्यूजिकल फाउंटेन, गजिबो, एडमिन ब्लाक, भव्य प्रवेशद्वार, सी.सी.टीव्ही.कैमरों की उपलब्धता आदि के साथ—साथ अन्य मनोरंजक व पर्यटन सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी।

संपादकव्यूरोचीफ.......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

(रावेन्द्र सिंह)
जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)